भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3216
दिनांक 06 अगस्त, 2026

भूटान को ई-20 पेट्रोल की आपूर्ति

†3216. **श्रीमती माला रायः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भूटान सरकार ने भारत से ई-20 पेट्रोल खरीदने या उसका उपयोग करने से इनकार कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस इनकार के बाद सरकार द्वारा वैकल्पिक आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख) भारत और भूटान की सरकार के बीच हुए समझौते के अनुसार दिनांक 21.03.2024 के समझौते के माध्यम से बीएस VI ग्रेड अथवा उससे उच्चतर श्रेणी के मोटर स्पिरिट की आपूर्ति पर सहमति हुई है और यह 3 वर्षों के लिए वैध है। इसके अलावा, भूटान को ई-20 पेट्रोल की आपूर्ति का कोई भी प्रस्ताव नहीं है तथा भूटान सरकार द्वारा भारत से ई-20 पेट्रोल की अधिप्राप्ति से इनकार करने का प्रश्न ही नहीं उठता है।

*****